# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
जीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

त्र संख्या............................

पटना
दिनांक 25-8-2000

## प्रेस-विज्ञप्ति

आन्दोलनात्मक कार्यक्रम के दूसरे चरण के दूसरे दिन बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की बैठक में स्थिति की समीक्षा के क्रम में संघ के अध्यक्ष श्री वजीन्द्र ना0 सिंह एवं महासचिव श्री गंगाधर लाल दास ने बताया कि पूरे राज्य में बिहार प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य संघ के आहवान पर सामूहिक अवकाश पर हैं। सभी जिलों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के इस कठोर निर्णय से सभी जिलों में विधि व्यवस्था, विकास, राजस्व, कल्याण एवं सहाय्य संबंधी कार्य पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है।

सरकार बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों की अभूतपूर्व चट्टानी एकता से तिलमिला गयी है। सरकार के मुख्य सचिव, प्रधान सचिव एवं कार्मिक सचिव अपने दम पर राज्य के प्रशासन को चलाने का दावा कर रहे हैं। यह दावा कितना खोखला है, यह राज्य की जनता अनुभव कर रही है। राज्य के सभी जिलों से प्राप्त त्राहिमाम संदेश से घबरा कर सरकार के ये आला अधिकारी बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बदले बिहार प्रशासनिक सेवा से प्रोन्नति प्राप्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को जो कई जिलों में जिला पदाधिकारी भी रह चुके हैं, विभिन्न अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में तैनात कर रही है। यहाँ भी सरकार के ये आला अधिकारी पूर्व में बिहार प्रशासनिक सेवा में रहे अधिकारियों को ही बलि का बकरा बना रही है। यह सोची समझी साजिश है, छोटे भाई को बड़े भाई से लड़ाने की। बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी के बदले बिहार वित्त सेवा, बिहार अभियंत्रण सेवा, बिहार स्वास्थ सेवा, बिहार कृषि सेवा, बिहार आपूर्ति सेवा, बिहार पशुपालन सेवा, के पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त कर भाई-भाई को लड़ाने का कार्य करने वाले सरकार को झाँसा देकर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं और सरकार को गुमराह कर अपने निकम्मेपन को छुपा रहे हैं।

आखिर बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की माँग है क्या ? माँग यही है कि 29.3.1999 को सरकार के साथ जो समझौता हुआ एवं जिस समझौता पत्र पर वर्तमान मुख्य सचिव, वर्तमान वित्त आयुक्त एवं पूर्व गृह सचिव का हस्ताक्षर है, उसका क्रियान्वयन हो। 31.5.1999 तक समझौता के सभी बिन्दुओं को कार्यान्वित कर देने का लिखित समझौता करने वाले पदलोलुप एवं सुविधाभोगी पदाधिकारियों ने अपने निकम्मेपन के कारण किसी भी बिन्दु का कार्यान्वयन अभी तक नहीं किया है बल्कि 2200-4000 का

----2

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O) / 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

Truth Will Triumph

*उपाध्यक्ष*
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद


पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक..............................



प्रतिस्थानी वेतनमान 8000-13,500 के बदले 6,500 से 10,500 देकर एवं अपर सचिव का वेतनमान 16,400 -20,000 तथा विशेष सचिव का वेतनमान 18,400-22,400 न देते हुए एवं पद विलोपित करने की अनुशंसा करके बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का अपमान किया है । अब वे ही बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का उग्र तेवर देख कर घबरा गये हैं एवं उलुल-जलुल धमकी दे रहे हैं । अवकाश आवेदन की अस्वीकृति, काम नहीं तो वेतन नहीं, सेवा में टूट होने आदि-आदि इन धमकियों से वे हमें अब डरा नहीं सकते । आखिर जब बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी अपनी अस्मिता एवं प्रतिष्ठा की लड़ाई लड़ रहे हैं तो क्या इस गिदड़ भभकी से हम डर जायेंगे ? यह कितना हास्यास्पद है कि सरकार के आला अधिकारी जब संघ के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता करते हैं तो संघ की सभी मांगे इन्हें जायज लगती है पर कार्यान्वित करते वक्त उसमें तरह-तरह की आपत्तियाँ नजर आती हैं ।

अतः बिहार प्रशासनिक सेवा संघ सरकार से मांग करती है कि इन चन्द गुमराह करने वाले पदाधिकारियों की करतूतों को समझें जो सरकार की प्रतिष्ठा को निम्नतर स्तर तक पहुँचा देने, तरह-तरह से सरकार को परेशानी में डालने, वित्तीय अनियमितता करने वाले पदाधिकारियों के झांसे में आये बिना संघ के साथ हुए समझौते के अनुरूप अविलम्ब सरकारी आदेश निर्गत कर राज्य को विकास के रास्ते पर लाने में हमारा सक्रिय सहयोग प्राप्त करें । हम सरकार को विश्वास दिलाते हैं कि सरकार अगर चन्द स्वार्थी, सुविधा पसन्द, विश्वासघाती, एवं चालबाज पदाधिकारियों को चिन्हित कर इन्हें राज्य से बाहर कर दे तो बिहार राज्य को प्रगति पथ पर अग्रसर होने से कोई रोक नहीं सकता है ।

अन्त में संघ के अध्यक्ष एवं महासचिव ने बिहार प्रशासनिक सेवा संघ के सभी साथियों का क्रांतिकारी अभिनन्दन करते हुए उनकी चट्टानी एकता एवं आन्दोलनात्मक कार्यक्रम की शत प्रतिशत सफलता पर बधाई देते हुए बिहार प्रशासनिक सेवा के प्रोन्नति प्राप्त एवं वर्तमान में भारतीय प्रशासनिक सेवा में कार्यरत पदाधिकारियों, बिहार वित्त सेवा, बिहार अभियंत्रण सेवा, बिहार स्वास्थ्य सेवा, बिहार पुलिस सेवा, सहित अन्य सेवाओं के पदाधिकारियों को सचेत करते हुए उनका आह्वान किया कि वे अब सत्ता के करीब रहने वाले चन्द मौका परस्त अफसरों की साजिश का शिकार न हों और सरकार

-----3

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

*उपाध्यक्ष*
फिराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक................................



को अपनी उचित मांगों के लिए खबरदार करें तथा हमारे आन्दोलन में समर्थ साझेदारी निभायें । अगर हम चूक गये तो इसका खामियाजा आपको भी भुगतना पड़ेगा ।

संघ के सदस्यों से 28.8.2000 की बैठक ﴾11.30 बजे संघ भवन﴿ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का अनुरोध भी किया गया ।

संघ एकता जिन्दाबाद ।

गंगाधर 25.8.2000

﴾ गंगाधर लाल दास ﴿
महासचिव
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ ।

25/8/20

﴾ वजीन्द्र नारायण सिंह ﴿
अध्यक्ष
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ ।

ज्ञापांक - 142 दिनांक- 25.8.2000

प्रतिलिपि- निदेशक, दूरदर्शन, पटना/आकाशवाणी, पटना/समाचार सम्पादक, सभी दैनिक हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पटना, रांची, धनबाद, डालटेनगंज एवं ब्यूरो प्रमुख, यू०एन०आई०/पी०टी०आई० को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ ।

गंगाधर 25.8.2000

﴾ गंगाधर लाल दास ﴿
महासचिव ।